प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 11.07.2024
समय : 01:00 पी.एम.

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। इस बार की थीम ''विकसित भारत की नई पहचान–परिवार नियोजन हर दम्पती की शान'' रखी गई है। इस अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में प्रदेश में परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले अस्पतालों, गैर सरकारी संगठनों, ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों को पुरस्कृत किया जायेगा। व्यक्तिगत रूप से विशेष प्रयास कर उपलब्धि अर्जित करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर शिरकत कर रहे है। जनसंख्या दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। सवाईमाधोपुर में जिला स्तरीय समारोह रणथम्भौर रोड़ स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना ने बताया कि समारोह में जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव जनसंख्या स्थायित्वकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कार्मिकों को सम्मानित करेंगे। भरतपुर में आज सुबह जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में नर्सिंग विद्यार्थी और कर्मी शामिल हुए। रैली के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन साधनों का उपयोग करने की अपील की गई। भीलवाडा, झालावाड़ और दौसा में भी जागरूकता रैली निकाली गई।

शहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली गई इस रैली के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन का संदेश दिया गया।

बैडमिन्टन खिलाडी साइना नेहवाल सहित पद्म पुरस्कार विजेता महिलाएं आज राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में 'उनकी कहानी–मेरी कहानी' व्याख्यान श्रृंखला के तहत व्याख्यान देंगी। इसके साथ ही वे दर्शकों से बातचीत भी करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साइना नेहवाल के साथ राष्ट्रपति भवन के बैडमिन्टन कोर्ट में बैडमिन्टन भी खेला।

उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान सहित उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया तेज करने के लिए कहा है। अदालत ने इन राज्यों के मुख्य सचिवों को तीन सप्ताह में व्यक्तिगत हलफनामा दायर कर बताने को कहा है कि खाली पदों को कितने समय में भरा जायेगा। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टिन जी मसीह की खंडपीठ ने यह आदेश एक याचिका की सुनवाई करते हुए दिये। अदालत ने राज्य सरकार का पक्ष जानने के बाद तीन सप्ताह का समय दिया है।

अमरनाथ यात्रा के लिए आज 4 हजार आठ सौ 85 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना हुआ। श्रद्धालुओं के समूह में पहलगाम आधार शिविर और बालटाल आधार शिविर के तीर्थयात्री शामिल थे। दोनों मार्गों पर और पारगमन शिविरों तथा गुफा मंदिर में एक सौ 24 से अधिक लंगर लगाये गये है। इस साल यात्रा के दौरान 7 हजार से ज्यादा सेवादार यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए हर दिन शाम 5 बजे के बाद पारगमन शिविरों से दोनों आधार शिविरों की ओर तीर्थयात्रियों के आवागमन की इजाजत नहीं है।

राजसमद में राष्ट्रीय राज मार्ग सख्ंया 8 पर मान सिंह का गुडा में आज एक सड़क हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मृत्यु हो गई। ये दुर्घटना टैंकर और

ट्रेलर की टक्कर के बाद टैंकर के पलट कर कार पर गिर जाने से हुई। ये सभी लोग उदयपुर से ब्यावर जा रहे थे। वहीं एक अन्य सड़क दुर्घटना में हिंडोन रोड़ पर जीप की टक्कर से मोटरसाईकिल पर सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

राजस्थान विश्वविद्यालय में आज से एक पेड़ एक विद्यार्थी अभियान की शुरुआत हुई। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद्र बैरवा, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा और जयपुर ग्रेटर नगर निगमम की महापौर सौम्या गुर्जर ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधे लगाकर अभियान शुरू किया।

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई। राज्य में सबसे अधिक 6 दशमलव 6 सेंटीमीटर बरसात टोंक के नगर फोर्ट में दर्ज की गई। वहीं अलवर में 6, राजसमंद के नाथद्वारा और अजमेर के श्रीनगर और जालोर के आहोर में 5—5, जयपुर और झालावाड के असनावर में 4—4 सेंटीमीटर पानी बरसा। सवाईमाधोपुर में आज भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। टोंक जिला मुख्यालय सहित कई जगह हुई बरसात से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार आज सवाईमाधोपुर, बूंदी, बारां, पाली, कोटा और भीलवाडा जिलों में बिजली गिरने के साथ ही हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।